भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1715

उत्तर देने की तारीख : 29.07.2026

राष्ट्रीय डिजिटल डैशबोर्ड

1715. श्री इमरान मसूद:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विभिन्न अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों, व्यय, उपलब्धियों और शिकायत निवारण की जानकारी प्रदान करने के लिए कोई एकीकृत राष्ट्रीय डिजिटल डैशबोर्ड विकसित किया है;

(ख) यदि हां, तो उसमें उपलब्ध प्रमुख सुविधाओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त डैशबोर्ड पर राज्य-वार प्रगति और वास्तविक समय पर निगरानी प्रणाली उपलब्ध है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, निगरानी तथा सेवा प्रदायगी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) विकसित एवं संचालित की हैं। ये प्रणालियाँ योजनाओं से संबंधित ऑनलाइन कार्रवाई, लाभार्थी प्रबंधन, योजना के कार्यान्वयन की निगरानी तथा विभिन्न प्रकार की रिपोर्टों के सृजन की सुविधा प्रदान करती हैं।

मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन, निगरानी तथा सेवा प्रदायगी को सुगम बनाने के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियों सहित डिजिटल प्लेटफॉर्मों एवं प्रौद्योगिकी-आधारित प्रणालियों को निरंतर अपना रहा है एवं उपयोग में ला रहा है।

वर्तमान में, मंत्रालय के पास योजना विशिष्ट डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जो कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को सुगम बनाने हेतु निगरानी एवं रिपोर्टिंग संबंधी सुविधाएँ प्रदान करते हैं। मंत्रालय कार्यात्मक आवश्यकताओं तथा प्रौद्योगिकी में हो रही प्रगति के अनुरूप अपनी डिजिटल प्रणालियों की समय-समय पर समीक्षा करता है तथा उन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

*****